आकाशवाणी भोपाल

प्रादेशिक समाचार

दिनांक : 24/02/2026 समय : 07.10पीएम

मुख्य समाचार :–

- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गोंदिया-जबलपुर रेल लाइन के दोहरीकरण को दी हरी झंडी।
- प्रदेश कैबिनेट ने आज सरसों के लिए 'भावांतर योजना' को मंजूरी प्रदान की ।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने उड़द की खरीदी पर 600 रुपये प्रति कुंटल बोनस देने की घोषणा की ।
- झाबुआ और अलीराजपुर में शुरू हुआ भगोरिया महापर्व; मुख्यमंत्री ने दी प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं।

सेवा संकल्प

नयी दिल्ली के 'सेवा तीर्थ' परिसर में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में आज भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर बनाने का 'सेवा संकल्प' पारित किया गया है।सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सरकार ने केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। आर्थिक मोर्चे पर, मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र सहित चार राज्यों के लिए तीन बड़ी रेलवे मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को हरी झंडी मिली है, जिसमें गोंदिया-जबलपुर लाइन का दोहरीकरण शामिल है।

किसानों के लिए भी बड़ी खबर है—सत्र 2026-27 के लिए कच्चे जूट का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ाकर 5 हज़ार 925 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

प्रधानमंत्री इस्राइल यात्रा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दो दिन की इस्राइल यात्रा पर कल रवाना होंगे। तल अवीव में प्रधानमंत्री इस्राइल के प्रधानमंत्री बेन्यामिन नेतन्याहू के साथ व्यापक वार्ता करेंगे। इसके बाद श्री मोदी यरुशलम में कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। उधर, यरुशलम में आकाशवाणी समाचार से विशेष बातचीत में इस्राइल में भारत के राजदूत जे पी सिंह ने कहा कि आतंकवाद के मुद्दे पर भारत और इस्राइल एकमत हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी संकट के समय दोनों देश एक-दूसरे के साथ खड़े रहे हैं। श्री सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस्राइल यात्रा ऐतिहासिक सिद्ध होगी।

उड़द बोनस

विधानसभा में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज ऐलान किया है कि मध्यप्रदेश अब देश का पहला राज्य होगा जो उड़द के उपार्जन पर ₹600 प्रति क्विंटल का बोनस देगा। साथ ही, सरसों की बंपर पैदावार को देखते हुए किसानों को भावांतर योजना का लाभ दिया जाएगा। वर्ष 2026 को 'कृषक कल्याण वर्ष' घोषित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार खेत से बाजार तक किसानों के साथ खड़ी है। एक और ऐतिहासिक निर्णय में, मालवा के प्रसिद्ध 'भगोरिया' उत्सव को अब राजकीय पर्व के रूप में मनाया जाएगा और इसी दौरान धार, झाबुआ या बड़वानी में प्रदेश की पहली कृषि कैबिनेट आयोजित होगी।

कैबिनेट बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में सरकार ने सरसों की खेती के लिए 'भावांतर योजना' को मंजूरी दे दी है। साथ ही, चना, मसूर और तुअर जैसी दलहन फसलों की खरीद अब प्राइस सपोर्ट स्कीम के तहत होगी। एक और ऐतिहासिक निर्णय में, किसानों से जुड़ी ₹10,500 करोड़ की पांच प्रमुख योजनाओं को अगले पांच वर्षों तक जारी रखने की स्वीकृति दी गई है। बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए खनिज अन्वेषण हेतु ₹34 करोड़ के भवन निर्माण और जिला माइनिंग फंड को 2031 तक जारी रखने पर मुहर लगी है।

गोलमेज सम्मेलन'

दिल्ली के भारत मंडपम में निर्वाचन प्रणाली के भविष्य को लेकर हुए 'राज्यों के गोलमेज सम्मेलन' में मध्यप्रदेश ने अपनी तकनीकी धाक जमाई है।राज्य निर्वाचन आयुक्त के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की टीम ने निर्वाचन प्रक्रिया में किए गए नवाचारों और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन की प्रभावी प्रस्तुति दी। सम्मेलन में बताया गया कि कैसे मध्यप्रदेश ने तकनीकी एकीकरण और पारदर्शी मैनेजमेंट के जरिए चुनाव प्रक्रिया को अधिक दक्ष और जवाबदेह बनाया है। भारत निर्वाचन आयोग ने भी मध्यप्रदेश की इन डिजिटल पहलों की राष्ट्रीय स्तर पर सराहना की है।

भगोरिया लोकपर्व

झाबुआ जिले में आदिवासी समाज का सबसे बड़ा सांस्कृतिक गौरव 'भगोरिया' आज से शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भगोरिया लोकपर्व की सभी प्रदेशवासियों एवं जनजातीय

भाई-बहनों को शुभकामनाएं दीं। झाबुआ से हमारे संवाददाता हरीश यादव जानकारी ने जानकारी साझा की

<u>सेवक सम्मेलन</u>

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की मौजूदगी में आज उज्जैन में 'ग्रामीण डाक सेवक सम्मेलन' का शुभारंभ हुआ । हज़ारों की संख्या में प्रदेशभर से आए डाक सेवक कार्यक्रम स्थल पर मौजूद रहे । केंद्रीय मंत्री श्री सिंधिया ने डाक सेवकों को 'ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सारथी' बताया है।तो वहीँ इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'आरती भोग प्रसाद' का विमोचन किया तथा प्रदेशभर से आए ग्रामीण डाक सेवकों को सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की।

<u>राज्यपाल समीक्षा बैठक</u>

राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने 'मुख्यमंत्री दुधारू पशुप्रदाय योजना' को लेकर सख्त निर्देश जारी किए हैं। समीक्षा बैठक में राज्यपाल ने कहा कि योजना के क्रियान्वयन में गरीब के हितों की अनदेखी कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह योजना विशेष रूप से पिछड़ी जनजातियों—बैगा, भारिया और सहरिया—के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए है। अब योजना के तहत दूध के दामों में 2 से साढ़े 8 रुपये तक की वृद्धि की गई है, जिससे पशुपालकों की आय सीधे बढ़ेगी।

<u>एमओयू-हस्ताक्षर</u>

प्रदेश में उच्च शिक्षा विभाग ने युवाओं के करियर को नई उड़ान देने के कल विभाग और बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग, मुंबई के बीच एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। भोपाल के सरोजिनी नायडू कॉलेज में होने वाले इस कार्यक्रम का उद्देश्य डिग्री के साथ-साथ विद्यार्थियों को उद्योगों में व्यावहारिक ट्रेनिंग दिलाना है। अपर मुख्य सचिव की मौजूदगी में होने वाले इस समझौते से 85 कॉलेजों और 8 विश्वविद्यालयों के छात्र सीधे लाभान्वित होंगे। अब विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि उद्योगों की जरूरतों के हिसाब से हुनर भी सिखाया जाएगा

अब कुछ समाचार संक्षेप में -----

- शिवपुरी जिले में विपणन वर्ष 2026-27 में चना एवं मसूर फसल के समर्थन मूल्य पर खरीदी हेतु 20 फरवरी से 16 मार्च तक पंजीयन के लिए 36 पंजीयन केन्द्र निर्धारित किये गए है।

- खंडवा में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस, श्री नीलकंठेश्वर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर हिन्दी विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया।
- आगरमालवा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत हुई शीतकालीन गिद्ध गणना के दौरान जिले के ग्राम माहरुंडी बीट क्षेत्र में 2 इजिप्शियन गिद्ध देखे गए। साथ ही 1 सक्रिय घोंसला भी पाया गया।
- जबलपुर कलेक्टर ने संकल्प से समाधान अभियान के तहत क्लस्टर स्तर पर जिले में आयोजित किए जा रहे शिविरों में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मौके पर ही हितलाभों का वितरण करने तथा सभी विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।
- नीमच कलेक्टोरेट सभाकक्ष में कल जनसुनवाई करते हुए कलेक्टर ने 103 आवेदकों की समस्याएं सुनी और संबंधित अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए।
- राजगढ़ कलेक्टर की अध्यक्षता में कल 25 फरवरी को दोपहर 12:30 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पेंशनर्स फोरम की बैठक आयोजित की जाएगी।
- छिन्दवाड़ा में जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के अधीनस्थ कृषि विज्ञान केंद्र, चंदनगांव, में किसान कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत एक दिवसीय मशरूम उत्पादन तकनीकी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- देवास जिले के किसानों को कृषि की उन्नत तकनीकी की जानकारी देने के लिए आज कृषि उपज मंडी देवास में आयोजित दो दिवसीय जिला स्तरीय कृषि विज्ञान मेला का शुभारम्भ कलेक्टर ने किया।

......................................